## मेष



**01 से 06 फरवरी तक-** माह का आरम्भ **सिद्धिदायक** रहेगा। आपके द्वारा किये गये संकल्प इस समय पूर्ण होने के आसार हैं। आप बच्चों के **कैरियर** को लेकर कुछ प्रयास करेंगे। **आर्थिक संकट** बढ़ेगा। आपके मन में असंतुष्टि का भाव बना रहेगा। आय प्राप्ति के साधन बढ़ाने के प्रयास करेंगे जिससे मानसिक संतुष्टि प्राप्त होगी।

**07 से 13 फरवरी तक- आध्यात्मिक** उन्नति में प्रयासरत रहेंगे। व्यापारिक कार्यो में निराशा हाथ लगेगी। साझेदारी में गलत फहमियों की बढ़ोतरी होगी। बच्चो को लेकर चली आ रही **समस्या** कुछ हद तक सुलझ जायेगी। मान-सम्मान व सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**14 से 20 फरवरी तक- कैरियर** में स्थिरता आयेगी। बच्चो के **विवाह** को लेकर जो प्रयास चल रहे थे, उसमें प्रगति होगी। मुकदमेबाजी में **विजय प्राप्त** होगी। **शत्रुओं** को मुंह की खानी पड़ेगी। सोची समझी योजना पूर्ण होगी। जिससे मन में **हौसला** और **हिम्मत** की बढ़ोतरी होगी। उत्तम व सर्व लाभमय जीवन प्राप्ति हेतु **षोडश कमला वैभव धन लक्ष्मी दीक्षा** ग्रहण करे। **न्यौछावर ₹2400**

**21 से 28 फरवरी तक-** इस सप्ताह आप परिवार के सदस्यों के साथ बाहर जा सकते है। आप में **सहनशीलता** का भाव विद्यमान रहेगा। परिवार के सदस्य के लिये कुछ आभूषण खरीद सकते है। आपकी प्रवृत्ति थोड़ी विलासी रहेगी, जिसके कारण आर्थिक व्यय अधिक होगा तथा भौतिक सुख-सुविधा प्राप्त करेंगे। बेरोजगारों को रोजगार के नये अवसर मिलने के आसार है, साथ ही कार्यरत कर्मचारियों को विशेष ऑफर भी मिल सकते है।

**शुभ तिथियां 14,19,23,28**

## वृष



**01 से 06 फरवरी तक-** इस माह की शुरूआत प्रसन्नता युक्त रहेगी। धन का आगमन हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति होने का योग बन रहा है। किसी पर अधिक भरोसा न करें, समय ठीक नहीं है, **स्वास्थ्य** गड़बड़ हो सकता है विश्वासघात के कारण **मानसिक तनाव** बढ़ेगा। पिता-पुत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते है। स्थितियों में सुधार आयेगा।

**07 से 13 फरवरी तक-** बच्चो के **विवाह, पढ़ाई, रोजगार** को लेकर आप चिंतित रहेंगे। आप पैसा कमाने के लिये पूरी कोशिश करेंगे मगर **असफल** होंगे। व्यवसाय में परिश्रम के अनुसार लाभ प्राप्त नहीं होगा। मन **उदास** और **चिड़चिडापन** रहेगा। आप **षोडश कमला वैभव धन लक्ष्मी दीक्षा** ग्रहण करें, धन धान्य में **वृद्धि, आरोग्यता** व **मानसिक शांति** की प्राप्ति होगी। **न्यौछावर ₹2400**

**14 से 20 फरवरी तक- अध्यात्म** में रूचि बढ़ेगी। मन में **भक्ति भाव** जाग्रत होगा। कही बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। अपना कार्य पूर्ण करने हेतु कुछ ज्यादा ही मेहनत करनी पड़ेगी। दूसरों का सहयोग नहीं मिलेगा। आप काम और परिवार के बीच ताल-मेल बिठायेंगे। समय आपके अनुकूल रहेगा। पुराना अटका हुआ कार्य पूर्ण होगा।

**21 से 28 फरवरी तक-**आकस्मिक **धन** व्यय होगा। व्यवसाय में आपका लिया हुआ निर्णय गलत साबित होगा जिससे **आर्थिक नुकसान** झेलना पड़ सकता है। गलत संगत से दूर रहे तथा कोई महत्त्वपूर्ण समाचार मिलने से कुछ राहत मिलेगी। अन्त में समय आपके पक्ष में होगा। आपके मन में **प्रसन्नता** रहेगी, जिससे आप अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

**शुभ तिथियां 12,17,22,27,**

## मिथुन




**01 से 06 फरवरी तक-**माह का प्रारम्भ आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। आवश्यकता से अधिक **व्यय** होगा। जिससे **आर्थिक** स्थिति में **न्यूनता** आयेगी। किसी शुभ कार्य में **धन व्यय** होगा। मानसिक चिंताओं का भी सिलसिला बना रहेगा। **स्वास्थ्य** में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा। व्यावसायिक दृष्टि से उल्लेखनीय उपलब्धि आपको नहीं मिल सकेगी। आप **ज्वालामालिनी साधना** सम्पन्न करे। **न्यौछावर ₹980**

**07 से 13 फरवरी तक-**उच्चधिकारियों से आपके सम्बन्ध अच्छे बनेंगे। **आध्यात्मिक जीवन** में रूचि बढ़ेगी। आपका परिश्रम रंग लायेगा। नये-नये लोगों से आपका सम्पर्क बनेगा। लम्बे समय से चली आ रही संतान संबंधी चिंता समाप्त होगी, परिवार में सुख-शांति होगी।

**14 से 20 फरवरी तक-** किसी रिश्तेदार से सम्बन्धित कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। भविष्य को लेकर कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय आप लेंगे जो आपके हित में होगा। **स्वास्थ्य** नरम रहेगा, परिवार के साथ किसी **धार्मिक** स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार आयेगा, भाईयों में मन-मुटाव रहेगा।

**21 से 28 फरवरी तक-**काम-काज में की गई लापरवाही का नुकसान आपको उठाना पड़ेगा। परिवार के साथ कहीं बाहर जा सकते है। नौकरी में अधिकारी आपके काम से प्रसन्न रहेंगे व आपको इसका **उचित** लाभ भी प्राप्त होगा। **समाज सेवा** या **गुरू सेवा** करने का अवसर प्राप्त होगा। महिलायें खरीदारी करने के लिये उत्सुक रहेंगी तथा स्वयं की एकत्र पूंजी भी व्यय करेंगी। **अविवाहितों** के विवाह का योग बन रहा है

**शुभ तिथियां 10,18,21,26**



## कर्क

**01 से 06 फरवरी तक**-माह का प्रारम्भ **शुभ** रहेगा। महत्त्वपूर्ण कार्य आसानी से हल हो जायेंगे। इस समय की गई यात्रा अच्छी रहेगी। नये लोगों से मुलाकातें **लाभदायक सिद्ध** होगी, सामाजिक मान-सम्मान व पद प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। ऐसे अवसर का आप पूर्ण लाभ उठाये। आपकी **कीर्ति** व **यश** चारों ओर फैलेगा।

**07 से 13 फरवरी तक**-वैवाहिक संबंधों में दरार की स्थिति रहेगी जिससे आप **चिन्ताग्रस्त** हो उठेंगे। आप अपने पर नियंत्रण रखे व **क्रोध** करने से बचे अन्यथा मामला बहुत आगे बढ़ सकता है। धन प्राप्ति हेतु किये गये प्रयासों में सफलता हाथ लगेगी। कार्य परिपूर्ण होंगे। पुरानी **समस्या** किसी की **मध्यस्थता** से हल हो जायेगी।

**14 से 20 फरवरी तक**-दफ्तर में सहयोगी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। आपकी किसी गतिविधि से आपको नुकसान पहुँच सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखे, अन्यथा हानि हो सकती है, आपकी कार्य कुशलता में वृद्धि तो होगी, परन्तु साथ **ईर्ष्या** का भाव भी लोगों में बढ़ेगा। आपमें पूरा जोश व उत्साह रहेगा। आपके कार्य से उच्च अधिकारी प्रसन्न होगे। आप **श्रीकृष्ण स्वरूप चौसठ कला युक्त पौरूष दीक्षा** प्राप्त करे **सम्मोहन, प्रेम, शांति** में वृद्धि होगी, जिससे आपके कार्य शीघ्र सफल होंगे। **न्यौछावर ₹2100**

**21 से 28 फरवरी तक**-शरीर में **आलस्य** रहेगा। थकान व काम की अधिकता से बुखार, बदन दर्द जैसी समस्या भी उभर सकती है। राजनीति के क्षेत्र में ज्यादा सफलता नहीं मिलेगी। समय अच्छा है, रूके कार्य गति पकड़ेगे। इस समय किसी धार्मिक स्थान की यात्रा कर सकते है नये-नये लोगो से मुलाकात होगी।

**शुभ तिथियां 09,11,14,18**



## सिंह

**01 से 06 फरवरी तक**-माह का प्रारम्भ आपके प्रतिकूल रहेगा। आप किसी से धोखा खा सकते है, सावधान रहे। प्रत्येक काम में **अड़चन** व **बाधाये** आयेंगी। शत्रु की किसी हरकत से आप परेशान हो सकते है। किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार प्राप्त होगा। किसी बात को लेकर मन **उदास** रहेगा। आप **होलिका यक्षिणी साधना** सम्पन्न करें जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों पर **विजय** प्राप्त कर सकेंगे, साथ ही **शुभ लाभमय** जीवन बनेगा।

**न्यौछावर ₹920**

**07 से 13 फरवरी तक**- वाद-विवाद हो सकता है। आप किसी समारोह में जायेंगे, जहां आप विशेष तौर पर आमंत्रित होंगे। काफी समय से भाईयों से चला आ रहा **द्वेष भाव** समाप्त होगा। सम्पति संबंधी विवाद किसी की मध्यस्थता से हल होने की संभावना है, साथ ही परिवार जनों से सहयोग भी प्राप्त हो सकेगा। जिससे आप **सुख-शांति** अनुभव करेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक**- किसी **धार्मिक कार्य** में भाग लेंगे। भविष्य को लेकर कोई योजना व प्रारूप तैयार करेंगे। आप अपना कार्य बड़े ही **धैर्य** से करे **नकारात्मक** विचारों का त्याग करे, सकारात्मक सोच को अपनाये जिससे व्यापार में नई तकनीक के साथ-साथ उन्नति प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

**21 से 28 फरवरी तक**-राजकीय मामलों में आपको **सफलता** मिल सकती है। विदेश यात्रा का योग बन रहा है, **आध्यात्मिक जीवन** में रूचि बढ़ेगी, आप किसी **देव स्थल** की यात्रा का मानस बना सकते है। आप इस समय पूरे **जोश** व **उत्साह** से काम करने को आतुर रहेंगे। परिवार के साथ **आनन्दमय** समय बितायें, दूसरों की कही बातों पर ध्यान न दे।

**शुभ तिथियां 02,20,23,27**



## कन्या

**01 से 06 फरवरी तक**- माह का शुरूआत थोड़ा **कठिन** रहेगा। आप कठिनाईयों का सामना करते हुये किसी नये कार्य की योजना बना सकते है। व्यापार में **अत्यधिक हानि** हो सकती है। वहीं दूसरी ओर दफ्तर में **उच्च अधिकारी** से कहा सुनी की परिस्थिति आ सकती है। घर के वृद्धों के **स्वास्थ्य** को लेकर भागदौड़ करनी पड़ेगी। सरकारी नौकरी से जुडे लोगों को लाभ की सम्भावना है। मन उदास रहेगा। आप **सर्व पाप मोचनी उग्रमयी कर्ण पिशाचिनी शक्ति दीक्षा** ग्रहण करे। **न्यौछावर ₹2100**

**07 से 13 फरवरी तक**- युवा वर्ग को **वरिष्ठजन** व **बुजुर्गो** की सलाह काम आयेगी। मानसिक रूप से आप प्रसन्नचित रहेंगे। नवीन वस्तु की खरीददारी संभव है। **दाम्पत्य सम्बन्धों** में भी **मधुरता** का रस घुलेगा तथा पूर्ण रूप से गृहस्थ सुख भोग सकेंगे, आर्थिक क्रिया-कलापों में व्यस्तता रहेगी, परिश्रम और अपनी सूझ-बूझ से आप **श्रेष्ठ सफलता** प्राप्त कर सकेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक**-मानसिक शांति रहेगी। आय में वृद्धि होगी, किताबे, ज्वैलरी और सम्पति पर धन खर्च होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपकी मेहनत का पूरा लाभ प्राप्त होगा। नई परियोजनाओं में सावधानी बरतनी होगी। पति-पत्नी के मध्य विवाद उत्पन्न हो सकता है। आपको कुछ **प्रतिस्पर्धा** तथा **द्वेष** का सामना करना पड़ सकता है।

**21 से 28 फरवरी तक**-**शत्रु** व **विरोधी** आपका कुछ अहित नहीं कर पायेंगे। आत्म विश्वास व मनोबल बढ़ेगा। **नौकरी पेशा** वाले लोगों के काम-काज में थोड़ी **अस्थिरता** रहेगी, मंदी के कारण आप पर भी इस समय नियंत्रण की आवश्यकता है। किसी बड़ी कम्पनी के साथ मिलकर काम करने के योग बने हुये है।

**शुभ तिथियां 02,08,11,19**

## तुला



**01 से 06 फरवरी तक-** माह की शुरूआत साधारण रहेगी। कारोबार में इतने **लाभ** की आशंका नहीं है। परिश्रम का फल इच्छा अनुसार प्राप्त नहीं होगा। पड़ौसी व रिश्तेदार से मनमुटाव हो सकता है। **चिंताओ** व **मानसिक तनाव** से कुछ राहत मिलेगी। कहीं से रूका हुआ धन प्राप्त होने का योग बन रहा है। मेहमानों का आगमन होगा। **धार्मिक, आध्यात्मिक, यौगिक** गतिविधियों में समय देंगे।

**07 से 13 फरवरी तक-** आप अपने कार्यो को समय से पूर्ण करने में व्यस्त रहेंगे। आपकी दिनचर्या **प्रसन्न, समृद्ध** व **संतुष्ट** रहेगी। खान-पान का विशेष ध्यान रखे अन्यथा **स्वास्थ्य** को लेकर हानि उठानी पड़ सकती है। आप स्वयं को **ऊर्जावान** महसूस करेंगे। प्रेम प्रसंगों में सफलता प्राप्त होने का योग है।

**14 से 20 फरवरी तक-** आप चारों तरफ से **तनाव** से घिरे रहेंगे। कोई बड़ा निवेश इस समय आपके लिये प्रतिकूल सिद्ध होगा। किसी तीर्थ यात्रा पर जा सकते है। बच्चो व घर-परिवार की जिम्मेदारियों को पूर्ण करने में आप व्यस्त रहेंगे। **श्रीकृष्ण स्वरूप चौसठ कला युक्त पौरूष दीक्षा** प्राप्त करें, जीवन की अनेक परिस्थितियां आपके अनुकूल निर्मित होंगी, साथ ही आप **शत्रुओं, बाधाओ** पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। **न्यौछावर ₹2100**

**21 से 28 फरवरी तक-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें अन्यथा अनावश्यक **समस्या** उत्पन्न होगी। पति-पत्नी के मध्य तालमेल की कमी रहेगी, **संयम** बनाये रखे। किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह से जाँच ले। कुछ नई वस्तुयें खरीद सकते है। नौकरी के लिये पूर्व में दिये गये परीक्षा में **सफलता** के योग बन रहे है। व्यापार पर मिला-जुला असर होगा, **विरोधियों** से सावधान रहे।

**शुभ तिथिया 02,07,22,27**

## वृश्चिक



**01 से 06 फरवरी तक-**माह का आरम्भ **सिद्धिदायक** रहेगा। पैसा व प्रभाव दोनों ही बढ़ेंगे। कठोर परिश्रम से आप सफलता हासिल करेंगे। **गृहस्थ सुख** में बढ़ोतरी होगी, पति-पत्नी व जीवन साथी से चली आ रही **गलतफहमियां** समाप्त होंगी। बैंक बैलेंस में बढ़ोतरी के अवसर बढ़ेंगे। रोजगार में बेहतर अवसर सुलभ होंगे। आप अपने व्यवसाय व काम-धंधे को बिना किसी रूकावट के आगे बढ़ायेंगे।

**07 से 13 फरवरी तक-**मित्रों व सहयोगियों से सहयोग मिलेगा। घर व दफ्तर दोनों के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे व दोनों में बेहतर तालमेल बिठाकर काम करेंगे। मिले-जुले प्रतिफल मिलेंगे। **लाभ** के साथ **हानि, सुख** के साथ **दु:ख** का योग है। दैनिक कार्यो को त्वरितता से निपटायेंगे। कहीं से रूका हुआ धन वापस आयेगा।

**14 से 20 फरवरी तक-** संतान सम्बन्धी चिंता रहेगी। **अध्ययन, कैरियर** को लेकर मन में चुनाव की **समस्या** बनी रहेगी। अनुभवी व्यक्ति या विशेषज्ञ की सलाह से आपका **श्रेष्ठ मार्गदर्शन** होगा। जीवन का यह निर्णय बहुत ही सूझ-बूझ के साथ करना उचित होगा। बैंक, बीमा, निवेश, शेयर जैसे मामलों में व्यस्तता रहेगी।

**21 से 28 फरवरी तक-** घर के दायित्व, संतान, पति-पत्नी व बड़े-बुजुर्ग आपके ध्यान के केंद्र में रहेंगे। आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। बनते-बनते कार्यो में बाधायें उत्पन्न होगी। कहीं से कोई **अशुभ समाचार** मिल सकता है। अच्छे व्यवहार व मधुर भाषा से आप सभी को अपने पक्ष में कर लेंगे। **आत्मविश्वास** व **मनोबल** में वृद्धि होगी। आप **श्रीकृष्ण तंत्र सम्मोहन साधना** सम्पन्न करें, **बाधाओं** का शमन व भाग्योदय के साथ सभी दृष्टि से सम्पन्न हो सकेंगे। **न्यौछावर ₹900**

**शुभ तिथियां 01,08,13,21**

## धनु



**01 से 06 फरवरी तक-** माह का प्रारम्भ **आलस्य** पूर्ण रहेगा। शरीर में **व्याधि** हो सकती है। नौकरी में बदलाव हो सकता है। आप व्यवसाय में स्वतंत्र रूप से अपना कार्य करेंगे। किसी रिश्तेदार, मित्र या सम्बन्धी से कोई **अशुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। आप परिवार के भविष्य के लिये योजनाओं पर विचार करेंगे। मकान की मरम्मत आदि मामलों में आपको सफलता मिलेगी।

**07 से 13 फरवरी तक-** बिना सोचे-समझे कोई कार्य ना करें, अन्यथा हानि उठानी पड़ेगी। धन-संपति मामलों में आप सोच-विचार कर फैसला करें। पति-पत्नी के बीच अच्छा तालमेल रहेगा। व्यापारिक रूप से कोई खास सफलता प्राप्त नहीं होगी। ध्यान एवं साधना से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मित्र से सहायता प्राप्त हो सकती हैं।

**14 से 20 फरवरी तक-**समय ठीक नहीं है। आपसे कोई गलती हो सकती है। अपने **क्रोध** पर काबू रखें, अन्यथा लाभ के स्थान पर हानि उठानी पड़ सकती है। दूसरों का ख्याल रखेंगे। किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते है। जिन्दगी को शानदार तरीके से जीने की कोशिश करेंगे। आप **होलिका यक्षिणी साधना** सम्पन्न करें श्रेष्ठ कार्य करने व सफलता प्राप्त करने की क्षमता प्राप्त होगी। **न्यौछावर ₹920**

**21 से 28 फरवरी तक-** आप सामाजिक हित कार्यो में भाग लेंगे। भाई-बहनों के बीच मधुरता बढ़ेगी। समय उचित है। परिवार के साथ कहीं बाहर जा सकते है। रिश्तेदार का आगमन हो सकता है। संतान के विवाह की चिन्ता प्रयास करने से शीघ्र ही दूर होगी। किसी निकट सम्बन्धी का सहयोग प्राप्त होगा जिससे कार्य पूर्ण हो जायेगा। अनावश्यक **व्यय** से बचे।

**शुभ तिथियां 07,16,20,26**



## मकर

**01 से 06 फरवरी तक-** माह का प्रारम्भ **फायदेमंद** रहेगा। मित्रो के द्वारा अधिक लाभ मिलेगा तथा आप भविष्य में होने वाले कार्य के प्रति चिन्तित व प्रयत्नशील रहेंगे। व्यर्थ के झगडों में फंसकर आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पायेंगे। **शत्रु** क्रियाशील होकर हानि पहुँचाने की चेष्टा करेंगे। स्वयं के लिये वस्तुओं पर धन व्यय करेंगे। आप **षोडश कमला वैभव धन लक्ष्मी दीक्षा** प्राप्त करे, सभी बाधाओं का शमन होकर धन लाभ की प्राप्ति होगी।


**न्यौछावर ₹2400**

**07 से 13 फरवरी तक-**आपके काम की प्रशंसा तो होगी, किन्तु आर्थिक लाभ कुछ नहीं मिल पायेगा। समय आपके अनुकूल नहीं है। जीवन में **उतार-चढ़ाव** ज्यादा चलेगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जिसे आप बखूबी निभायेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक-** आप कहीं बाहर जा सकते है। कार्यस्थल पर अपने हित के लिये कही गई वार्तालाप असर दिखायेगी। **प्रेम-प्रसंगों** के उजागर होने से घर-परिवार का वातावरण **कलहपूर्ण** होगा। किसी वाद-विवाद के कारण मन भी **अशांत** रहेगा। आप सोच समझकर निर्णय ले अन्यथा आगे चलकर आपको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**21 से 28 फरवरी तक-** बेहतर की तलाश में आप का इधर-उधर भटकाव रहेगा। संचार, मीडिया के क्षेत्र में आप नाम कमा सकते है। घर-परिवार में सुख-सुविधा भौतिक आवश्यकताओं को पूर्ण करेंगे। पति-पत्नी एक दूसरे की भावना को समझेंगे। जिम्मेदारी अच्छे से निभायेंगे। पैतृक सम्बन्धित झगड़ों को निपटारा करने का सही समय है। **अविवाहितों** के लिये **विवाह** के प्रस्ताव आ सकते है।

**शुभ तिथियां 02,17,25,26**



## कुंभ

**01 से 06 फरवरी तक-**माह का आरम्भ **सिद्धिदायक** रहेगा। सरकारी क्षेत्र में रूके हुये कार्य सम्पन्न होंगे। मीडिया से सम्बन्धित लोगों के लिये समय अच्छा है। प्रेम-प्रसंगों में माधुर्य और सन्तुष्टि प्राप्त होगी। अनायास चिन्ता आ सकती है। जिससे परिवार का वातावरण **कलह पूर्ण** रहेगा। व्यापार में हानि की संभावना है। आप **श्रीकृष्ण स्वरूप चौसठ कला युक्त पौरूष दीक्षा** ग्रहण करे परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी। **न्यौ. ₹2100**

**07 से 13 फरवरी तक-**नये कार्य को शुरू करने के लिये समय अच्छा है। **अध्यात्म** में रूचि बढ़ेगी। व्यावसायिक यात्रायें सफल होगी। किसी से व्यर्थ विवाद भी हो सकता है, मन में तनाव रहेगा। गलत खान-पान के कारण **स्वास्थ्य** खराब हो सकता है, सावधान रहें।

**14 से 20 फरवरी तक-**व्यर्थ की भाग दौड़ रहेगी। आपका स्वभाव आपको आगे तक ले जायेगा, अपनी **प्रतिभा** निखारने का प्रयास करे। किसी तीर्थ यात्रा पर जा सकते है। मिलकर काम करने से कार्य सफल होंगे। व्यवसाय व कार्यो में सफलता मिलेगी। नया सम्पर्क आपके लिये **लाभदायक सिद्ध** रहेगा। सरकारी कार्यो में सफलता के संकेत है। व्यापारिक दस्तावेजों को संभाल कर रखे।

**21 से 28 फरवरी तक-** कोई **दुर्घटना घटित** होने की संभावना है सावधानी बरते। घर में वृद्धों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। बच्चों के विवाह, सगाई या पढ़ाई से संबंधित कार्य पूर्ण होंगे। जीवन साथी के लिये नया **आभूषण** खरीद सकते है। बजट के अनुरूप ही कार्य करें अन्यथा लंबे समय के लिये उधार लेना पड़ सकता है। **मान-प्रतिष्ठा** में बढ़ोतरी होगी। पड़ोसियों से संबंधो में माधुर्यता बनी रहेगी।

**शुभ तिथियां 04,09,20,25**



## मीन

**01 से 06 फरवरी तक-** माह का आरम्भ उतना अच्छा नहीं रहेगा। आर्थिक स्थिति तो अनुकूल रहेगी परन्तु आपके नजदीक के लोग ही आपको धोखा देंगे। व्यवसाय में कुछ नूतन नियमों को अमल में लायेंगे, बच्चो की ओर से चिंता बनी रहेगी। नौकरी व कार्यक्षेत्र में अपने काम-काज व परिश्रम से आप सभी का दिल जीत लेंगे। आप **ज्वालामालिनी साधना** सम्पन्न करें, जीवन के सभी कार्य सफल होंगे।

**न्यौछावर ₹980**

**07 से 13 फरवरी तक-क्रोध** पर नियंत्रण रखें। इच्छा के विपरीत **स्थानान्तरण** के भी योग बने हुये है। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। वाहन चलाते समय सावधानी बरते। व्यापार में निवेश के लिये बिल्कुल उचित व सही समय है। कर्मचारी व भागीदार की गतिविधि पर नजर रखें।

**14 से 20 फरवरी तक-**प्रयासों के अनुसार फल की प्राप्ति नहीं मिलेगी। आकस्मिक संकट के शिकार हो सकते है आर्थिक स्थिति **न्यून** होने के कारण घर-परिवार का वातावरण कलह पूर्ण रहेगा। प्रेम सम्बन्धित मामलों में पूरा जोर रहेगा। व्यवसाय में आपको नई दिशा प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के लिये परीक्षा में सफलता के संकेत है।

**21 से 28 फरवरी तक- व्यापारिक कार्य** करने का बड़ा ऑफर आपको इस समय प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सभी आपके काम के दीवाने हो जायेंगे। **धार्मिक कार्यो** में रूचि बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में काफी **कठिनाईयों** व **तनाव** से आपको गुजरना पड़ सकता है। अकारण ही किसी विवाद में फंस सकते है। कोई नई योजना भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

**शुभ तिथियां 04,11,20,23**